दिनांकः 15.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राष्ट्र आज अपना 79वाँ स्वतंत्रता दिवस मना रहा है–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित किया–कहा–भारत किसी न्यूक्लियर धमकी से डरने वाला नहीं।
- श्री मोदी ने युवाओं के लिए एक लाख करोड़ रुपये की लागत वाली प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा की।
- जोधपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–समाज के सभी वर्गों के आत्मनिर्भर बनने से ही देश आत्मनिर्भर बनेगा।
- प्रदेश में पूर्वी हवाओं के सक्रिय होने से बारिश की गतिविधियां जारी–आज भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद और उदयपुर में बरसात का ऑरेंज अलर्ट।

000

राष्ट्र आज अपना 79वाँ स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र ध्वज फहराया। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें आज स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ऑपरेशन सिंदूर के जाबांज़ों को सलाम करने का अवसर मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे वीर जवानों ने दुश्मनों को उनकी कल्पना से परे सज़ा दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहलगाम में हुए नरसंहार से पूरा देश आक्रोश से भरा हुआ था और ऑपरेशन सिंदूर इसी आक्रोश की अभिव्यक्ति है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान में इतनी तबाही हुई है कि रोज नए–नए खुलासे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के हौसले बुलंद हैं, भारत किसी न्यूक्लियर धमकी से डरने वाला नहीं है।

..................

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने सेमीकंडक्टर के काम को मिशन मोड पर आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस वर्ष के अंत तक भारत में बनी हुई, भारत के लोगों द्वारा बनी हुई चिप बाजार में आ जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार अगली पीढ़ी के लिए जल्द ही जीएसटी सुधार लेकर आएगी। इससे उद्यमियों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को ताकत मिलेगी।

.................

प्रधानमंत्री ने युवाओं के लिए लगभग एक लाख करोड़ रुपये की लागत वाली प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत, निजी क्षेत्र में पहली नौकरी पाने वाले युवाओं को सरकार द्वारा 15 हज़ार रुपये दिए जाएँगे। उन्होंने कहा कि इस योजना से तीन करोड़ 50 लाख युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर पैदा होंगे। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना शुरू की है। इसके तहत देशभर के पिछड़े सौ जिलों के किसानों को सशक्त बनाया जाएगा।

000

स्वाधीनता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह जोधपुर के बरकतुल्लाह खां स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट का निरीक्षण किया। श्री शर्मा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए केन्द्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों के आत्मनिर्भर बनने से ही देश आत्मनिर्भर बनेगा।

..................

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने राजभवन में झंडा रोहण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। साथ ही पुस्तकें और मिठाई का वितरण किया। विधानसभा अध्यक्ष

वासुदेव देवनानी ने विधानसभा में ध्वज फहराया। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने जयपुर के चौगान स्टेडियम में और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कोटपूतली के लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज में ध्वजारोहण किया। प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी प्रभारी मंत्रियों और संभागीय आयुक्तों ने राष्ट्र ध्वज फहराया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय काम करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

भाजपा और कांग्रेस प्रदेश कार्यालयों में भी झंडा फहराया गया। विभिन्न कार्यालयों, प्रतिष्ठानों और घरों में लोगों ने तिरंगा फहराया। इसके साथ ही स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

000

ब्रेक

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारत 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कल राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में, उन्होंने इसका श्रेय सामाजिक क्षेत्र की पहलों के साथ–साथ सर्वांगीण आर्थिक विकास को दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि देश अमृत काल में आगे बढ़ रहा है और हर नागरिक इसमें अपनी क्षमतानुसार योगदान कर रहा है।

................

राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की हत्या को कायरतापूर्ण और पूरी तरह से अमानवीय बताया। उन्होंने कहा कि देश की सेनाएं किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि राष्ट्र अपने संविधान और लोकतंत्र को सबसे ऊपर रखता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए कदम उठाने का आग्रह किया।

000

जयपुर स्थित राजभवन में आज शाम एट होम कार्यक्रम होगा। इसमें मुख्यमंत्री सहित कैबिनेट के अन्य मंत्री शामिल होंगे। इनके अलावा, जनप्रतिनिधि और आला अधिकारी भी हिस्सा लेंगे। इससे पहले कल जोधपुर के मेहरानगढ़ में आयोजित एट होम कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 14 पुलिस कार्मिकों को पुलिस पदक प्रदान किए। इस दौरान सराहनीय कार्यों के लिए 5 लोगों को सम्मानित किया गया। दुर्ग पर 'ऑपरेशन सिंदूर' थीम पर आधारित ड्रोन शो भी हुआ। शो में लगभग साढे पांच सौ ड्रोन्स के जरिए भारतीय सेना की शौर्य गाथा का प्रदर्शन किया गया।

000

प्रदेश में पूर्वी हवाओं के सक्रिय होने के बाद बारिश की गतिविधियां बनी हुई हैं। पिछले 24 घंटों में 15 शहरों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। इनमें राजधानी जयपुर सहित अजमेर, भीलवाड़ा, अलवर, पिलानी, सीकर, डबोक, जैसलमेर, श्रीगंगानगर, संगरिया, करौली, फतेहपुर और झुंझुनूं जिले शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में आज से और पश्चिमी इलाकों में कल से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। विभाग ने आज भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद और उदयपुर के लिए बरसात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं 16 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट है।

000

राजस्थान उच्च न्यायालय ने एसआई भर्ती–2021 पेपर लीक मामले में अपना फैसला सुरक्षित रखा है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने कैलाश चन्द्र शर्मा और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिए। मामले में 39 बार सुनवाई के लिए भर्ती रद्द करने की मांग के लिए पिछले साल 13 अगस्त को ये याचिका दायर की गई थी।

000